**जहां तक ऋण की एवज** में बंधक रखी गई अप्रार्थी ऋणी कृष्णलाल **की अचल आवासीय सम्पत्ति भूमि व भवन जो कि पट्टा नं. 30, बुक नं. 314/2018, सुरजन सर, तहसील सूरतगढ़, जिला श्रीगंगानगर पर स्थित है, जिसकी माप लगभग 300 वर्गगज है,** जो प्रार्थी बैंक के पास बंधक रखी हुई है, का संबध है, जिसका भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक द्वारा चाहा जा रहा है वह निम्न हस्ताक्षरकर्ता के क्षेत्राधिकार जिला श्रीगंगानगर में स्थित है। इसलिए वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के तहत निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता कार्रवाई करने के लिए सक्षम है।

**जहां तक धारा 13(2) के जारी** नोटिस 16.05.2024 की तामील का प्रश्न है। प्रार्थना पत्र के अनुसार दिनांक 16.05.2024 को 60 दिवस में राशि जमा करवाने के धारा 13(2) के नोटिस अप्रार्थीगण अंजू एवं कृष्णलाल को रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 16.05.2024 को भिजवाये गये है जिसके ऑनलाईन ट्रैक/प्राप्ति रसीद पत्रावली में उपलब्ध नहीं है, जिससे यह ज्ञात नहीं होता कि अप्रार्थी को धारा 13(2) के नोटिस तामील हुई है अथवा नहीं? प्रार्थी बैंक ने धारा 13(2) के नोटिस अप्रार्थीगण के निवास स्थान पर चस्पा किये है अथवा नहीं?, की रिपोर्ट प्रस्तुत नही की और धारा 13(2) को जारी नोटिस दिनांक 16.05.2024 में अंकित 60 दिवस में राशि जमा करवाने की प्रतीक्षा किये बिना ही उसे दिनांक 28.05.2024 को एक ही समाचार पत्र बिजनैस स्टैंडर्ड के हिन्दी व अंग्रेजी संस्करण में धारा 13(2) के नोटिस का प्रकाशन दिनांक 28.05.2024 को कर दिया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2024.12.06 16:45:54 IST
Reason: SelfAttested

**नोटिस तामील के सम्बन्ध में वित्तीय आस्तियों का** प्रतिभूतिकरण **और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 3 निम्नानुसार** अवलोकनीय **है:**

जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

